एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सर्बिया की ठंड में बागी 3 की शूटिंग कर रही हैं श्रद्धा कपूर

श्रद्धा कपूर और टाइगर श्रॉफ बागी 3 की पूरी टीम के साथ फिल्म की शूटिंग के लिए सर्बिया पहुंच चुके हैं। फिल्म बीते सितंबर में फ्लोर पर गई थी और अब कुछ हाई ऑक्टेन ऐक्शन सीन्स के लिए टीम फॉरेन लोकेशन पर पहुंच गई है। रिपोर्ट्स की मानें तो मेकर्स को उम्मीद है कि रेकॉर्ड टाइम में शेड्यूल पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि, बेहद ठंड होने के कारण स्टार्स को हीटर्स का काफी इस्तेमाल करना पड़ रहा है। ऐक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने सेट की कुछ झलक दिखाई है और अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह टीम मेंबर के साथ एक मॉन्युमेंट के सामने पोज देते दिख रही हैं। बता दें, बागी के बाद श्रद्धा और टाइगर का बागी 3 में रीयूनियन हो रहा है। फिल्म में रितेश देशमुख, अंकिता लोखंडे, आशुतोष राणा जैसे ऐक्टर्स भी अहम रोल्स में नजर आएंगे। फिल्म 6 मार्च 2020 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

शाहीन भट्ट की इंस्टाग्राम स्टोरी में नजर आई बहन आलिया भट्ट: आलिया भट्ट और उनकी बहन शाहीन भट्ट के बीच कैसा बॉन्ड है, यह तो सभी जानते हैं। शाहीन की लेटेस्ट इंस्टाग्राम स्टोरी एक बार फिर इस बात को साबित कर रही है। दरअसल, शाहीन ने आलिया की एक प्यारी तस्वीर क्लिक की और इसे अपनी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट की। फोटो में आलिया काउच पर बैठे हुए अपने फोन में बड़े ध्यान से कुछ देख रही हैं। पिक्चर पर शाहीन ने कैप्शन दिया, माइ हैपी लिटिल फ्लावर इज होम। वर्क फ्रंट की बात करें तो आलिया अब अपने पिता महेश भट्ट की फिल्म सड़क 2 में नजर आएंगी। इसमें उनके साथ आदित्य रॉय कपूर, संजय दत्त और पूजा भट्ट जैसे ऐक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे। इसके अलावा वह अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में रणबीर कपूर के ऑपोजिट दिखेंगी। वह एसएस राजामौली की आरआरआर और संजय लीला भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी और करण जौहर की तख्त में भी नजर आएंगी।

ट्रोलिंग पर बोलीं अदिति राव हैदरी, आप इससे भाग नहीं सकते

फिल्म ऐक्ट्रेस अदिति राव हैदरी आने वाले समय में फिल्म 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' में नजर आएंगी। अदिति राव हैदरी का कहना है कि वह सोशल मीडिया ट्रोलर्स को दया की नजरों से देखती हैं क्योंकि उन्हें ऐसा लगता है कि ये ट्रोलर्स अपनी जिंदगी में जरूर मुसीबतों का सामना कर रहे होते हैं और यही वजह है कि इस तरह के काम से वे अपने गुस्से को किसी और पर निकालते हैं। अदिति राव हैदरी ने कहा कि मुझे लगता है कि ट्रोलिंग एक वास्तविकता है जिससे आप भाग नहीं सकते हैं क्योंकि मेरा मानना है कि जो दूसरों को ट्रोल करते हैं वे अपनी जिंदगी में जरूर किसी तरह की समस्या का सामना कर रहे होते हैं या वे खुद को लेकर दुखी हैं या किसी और चीज को लेकर गुस्से में हैं इसलिए आपके सोशल मीडिया पोस्ट पर वे अपने गुस्से को जाहिर करते हैं। अदिति राव हैदरी की की आगामी फिल्म 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' इसी नाम से साल 2016 में आई हॉलीवुड फिल्म की रीमेक है। फिल्म की कहानी साल 2015 में आए ब्रिटिश लेखिका पाउला हॉकिन्स द्वारा लिखित उपन्यास पर आधारित है। रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित और रिलायन्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित फिल्म 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' साल 2020 में रिलीज होगी।

कीर्ति कुलहरि ने कही अपनी प्रेम कहानी

अभिनेत्री कीर्ति कुलहरि की साहिल सहगल से पहली मुलाकात एक विज्ञापन की शूटिंग के दौरान हुई थी। बाद में साहिल उनके जीवन साथी बन गए। कीर्ति ने नेटफ्लिक्स के चैट शो द ब्रांड न्यू शो के एक एपिसोड में अपनी प्रेम कहानी बताई। शो में उनके साथ बार्ड ऑफ ब्लड में काम कर चुकीं शोभिता धुलिपाला भी थीं। कीर्ति ने कहा, साहिल से मेरी मुलाकात एक विज्ञापन की शूटिंग के दौरान हुई थी। हम दोनों ने एक-दूसरे का मोबाइल नंबर लिया। लेकिन दोनों ने कभी बात नहीं की और यूं ही पांच साल गुजर गए। उन्होंने आगे कहा, फिर अचानक एक शूटिंग के दौरान वह मिला। वह बहुत अच्छा दिख रहा था। उसने फिर मेरा नंबर मांगा। मैंने कहा, नंबर लेते हो तो कभी बात भी किया करो। इस बार लिए नंबर का वह इस्तेमाल करने लगा। अक्सर बात होने लगी, फिर बात आगे बढ़ी और हम दोनों एक-दूजे के हो गए।